Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 5 | जैव प्रक्रम

QUIZ PART-07

1. **हृदय के कौन से कक्ष फेफड़ों और शरीर के अन्य भागों में रक्त पंप करने का कार्य करते हैं?**
   A. दायां और बायां आलिंद B. दायां और बायां निलय
   C. बायां आलिंद और दायां निलय
   D. केवल बायां निलय (B)

*व्याख्या :* दायां और बायां निलय रक्त को क्रमशः फेफड़ों और पूरे शरीर में पंप करते हैं।

2. **रक्त में ऑक्सीजन का वहन मुख्य रूप से किसके द्वारा होता है?**
   A. प्लाज्मा
   B. लाल रक्त कणिकाएं (RBC)
   C. श्वेत रक्त कणिकाएं (WBC) D.प्लेटलेट्स (B)

*व्याख्या :* RBC में उपस्थित हीमोग्लोबिन ऑक्सीजन को वहन करता है।

3. **प्लेटलेट्स का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना
   B. ऑक्सीजन का वहन करना
   C. रक्त का थक्का बनाना
   D. अपशिष्ट पदार्थों का वहन (C)

*व्याख्या :* प्लेटलेट्स चोट लगने पर रक्त का थक्का बनाकर रक्तस्राव को रोकते हैं।

4. **हृदय की किस संरचना का कार्य रक्त को उल्टी दिशा में प्रवाहित होने से रोकना होता है?**
   A. निलय B. वाल्व
   C. धमनियां D. शिराएं (B)

*व्याख्या :* वाल्व रक्त को एक ही दिशा में प्रवाहित करते हैं और उल्टा प्रवाह रोकते हैं।

5. **निम्न में से कौन सा रक्त वाहक अंगों से अशुद्ध रक्त को हृदय तक लाता है?**
   A. धमनी B. शिरा
   C. वाल्व D. निलय (B)

*व्याख्या :* शिराएं अशुद्ध रक्त को हृदय तक लाने का कार्य करती हैं।

6. **हृदय में सबसे मोटी पेशीय भित्ति किस भाग में पाई जाती है?**
   A. दायां आलिंद B. बायां आलिंद
   C. दायां निलय D. बायां निलय (D)

*व्याख्या :* बायां निलय पूरे शरीर में रक्त पंप करता है, इसलिए इसकी पेशीय भित्ति सबसे मोटी होती है।

7. **प्लाज्मा का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. केवल RBC का निर्माण B. केवल गैसों का वहन
   C. घुले हुए पदार्थों का वहन
   D. रोग प्रतिरोधक क्रियाएं (C)

*व्याख्या :* प्लाज्मा तरल माध्यम है जो घुले हुए गैसों, पोषक तत्वों, हार्मोन आदि का वहन करता है।

8. **श्वेत रक्त कणिकाएं (WBC) किस कार्य में भाग लेती हैं?**
   A. ऑक्सीजन का वहन B. रक्त का थक्का बनाना
   C. रोगों से शरीर की रक्षा
   D. जल संतुलन बनाए रखना (C)

*व्याख्या :* WBC शरीर में रोगाणुओं से लड़कर रोग प्रतिरोधक कार्य करती हैं।

9. **दोहरा परिसंचरण प्रणाली में रक्त कितनी बार हृदय से होकर गुजरता है?**
   A. एक बार B. दो बार
   C. तीन बार D. चार बार (B)

*व्याख्या :* दोहरा परिसंचरण प्रणाली में रक्त हृदय से दो बार गुजरता है—एक बार फेफड़ों के लिए और दूसरी बार शरीर के लिए।

10. **निम्नलिखित में से कौन सा रुधिर का कार्य नहीं है?**
    A. तापमान नियंत्रण
    B. अपशिष्ट पदार्थों का वहन
    C. संवेदी संदेशों का वहन
    D. हार्मोन का परिवहन (C)

*व्याख्या :* संवेदी संदेशों का वहन तंत्रिका तंत्र का कार्य है, रुधिर का नहीं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App